महत्वपूर्ण एवं खास

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को... रायगढ़ स्टेडियम में प्रात: 7 बजे से होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम

रायगढ़। 21 जून 2024 को 10 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन राज्य के समस्त जिलों में गरिमामय रूप से किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय सामान्य योग अभ्यास कार्यक्रम 21 जून को प्रात: 7 बजे से रायगढ़ स्टेडियम ग्राउण्ड, बोईरदादर रायगढ़ में आयोजित होगा। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दायित्व सौंपते हुए कुशलता से निर्वहन करने के निर्देश दिए।

प्लेसमेंट एवं अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन 20 जून को

रायगढ़। भारत सरकार के निर्देशानुसार योग्य अभ्यर्थियों एवं युवाओं को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से प्लेसमेंट एवं अप्रेटिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा। प्लेसमेंट का यह आयोजन 20 जून 2024, दिन-गुरूवार को प्रात: 10 बजे से मेला स्थल पुराना हॉस्टल शास. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, रायगढ़ में होगा। जिसमें विभिन्न कुल 607 रिक्तियों पर भर्ती की जाएगी। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए प्राचार्य सहायक शिक्षुता सलाहकार शास.औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था,रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

सर्वर में बजट आबंटन प्रविष्टि के लिए दी 15 जून तक अनुमति

वित्त विभाग ने पत्र जारी किया

सारंगढ़ बिलाईगढ़। छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त विभाग ने राज्य के सभी विभाग सहित अध्यक्ष राजस्व मंडल बिलासपुर को जारी पत्र अनुसार निर्माण विभागों (लोक निर्माण, जल संसाधन, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी) तथा वन जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा इस वर्ष अधिकाधिक पूंजीगत व्यय सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से सर्वर में प्रविष्टि की समय-सीमा में संपूर्ण वर्ष के लिए शिथिलता तथा अन्य समस्त विभागों के लिए 15 जून तक सर्वर में बजट आबंटन की प्रविष्टि के लिए अनुमति दिया है। इस आशय के पत्र वित्त विभाग, मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर ने जारी किया है।

बाढ़ आपदा बचाव टीम ने महानदी में किया अभ्यास

सारंगढ़ बिलाईगढ़। प्रभावित नागरिकों को आकस्मिक बाढ़ आपदा के समय तत्काल राहत देने के लिए टीम और उसके सामग्री को तैयार रहने के उद्देश्य से कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के निर्देश पर जिले के टिमरलगा क्षेत्र के घाट पर बाढ़ आपदा बचाव टीम ने महानदी में अभ्यास किया। अभ्यास के दौरान ई-नौकायान के सभी इंजन को चालू कर और महानदी के पानी में चलाकर परीक्षण किया गया। इस दौरान प्रभारी एसडीएम सारंगढ़ अनिकेत साहू, तहसीलदार आयुष तिवारी और नागरिकों ने ई-नौकायान में बैठकर महानदी में मॉकड्रिल का निरीक्षण किया। नगर सैनिक टीम के सदस्यों ने बताया कि ड्रम, पानी बॉटल, तेल के प्लास्टिक डिब्बा आदि का उपयोग कर नागरिक आपदा के समय कैसे बचा सकते हैं। डूबते हुए व्यक्ति को कैसे बचाया जा सकता है। जब हम पानी में डूब रहे होते हैं तो और हमें तैरना नहीं आता तो बचाव के लिए स्थानीय जुगाड़ के तौर पर खाली तेल के प्लास्टिक डब्बों को बांधकर उसे लाइफ जैकेट के तौर पर उपयोग कर सकते हैं। इस अवसर पर टीम का नेतृत्व कर रहे निरीक्षक एस के होता के अधीन 17 नगर सैनिको ने अभ्यास किया। अभ्यास में एक ई-नौकायान, 6 इंजन, 15 नग लाइफबॉय ट्यूब, 15 नग लाइफ जैकेट, 02 नग लोहे का एंकर (गहराई में डूबे इंसान या वस्तु को बाहर निकालने के लिए) 02 नग रपटा 1 नग का उपयोग किया गया।

रेल नेटवर्क से जुड़ेगा मुंगेली जिला : मुख्यमंत्री साय

- मुख्यमंत्री ने कहा कटघोरा-डोंगरगढ़ रेल परियोजना अंतर्गत भू-अर्जन की कार्यवाही जल्द
- 25 करोड़ की लागत के 19 विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास
- मुख्यमंत्री फरहदा में भक्त माता कर्मा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में हुए शामिल

रायपुर | आरएनएस

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि आने वाले समय में मुंगेली जिला रेल नेटवर्क में शामिल हो जाएगा, इससे मुंगेली जिले में रेल की सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने बताया कि कटघोरा-डोंगरगढ़ विशेष रेल परियोजना के लिए राज्य शासन द्वारा 300 करोड़ रूपए की राशि की स्वीकृति दी जा चुकी है। शीघ्र ही भू-अर्जन की कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी। इस परियोजना अंतर्गत मुंगेली जिले में 38.02 किलोमीटर रेल लाईन गुजरेगी, जिससे इस क्षेत्र के लोग भी आने वाले समय में रेल सेवा से लाभान्वित होंगे। साय आज मुंगेली जिले के ग्राम फरहदा में भक्त माता कर्मा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री साय ने इस मौके पर ग्राम फरहदा में साहू समाज के सामुदायिक भवन के लिए 25 लाख रुपए, आदिवासी एवं सतनामी समाज के सामुदायिक भवन के लिए 6-6 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने कार्यक्रम में लगभग 25 करोड़ से अधिक की राशि के 19 विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। साथ ही उन्होंने ग्राम फरहदा में शासकीय हाई स्कूल को हायर सेकेंडरी स्कूल के रूप में उन्नयन और ग्राम भालापुर से अचानकपुर तक और हरियरपुर से टेढ़ाधौंरा तक सडक़ नवीनीकरण कार्य के लिए भी घोषणा की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री साय ने भक्त माता कर्मा प्राण-प्रतिष्ठा के लिए साहू समाज एवं उपस्थित सभी लोगों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा की ग्राम फरहदा में भक्त माता कर्मा मंदिर का निर्माण बिना किसी शासकीय सहयोग के सभी ग्रामवासियों ने मिलकर करवाया है। यह ग्रामवासियों के सामूहिक एकता को दर्शाता है। उन्होंने बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र से तोखन साहू को सांसद के रूप में जिताने के लिए जनता का आभार जताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंत्रीमंडल में सांसद तोखन साहू को आवास एवं शहरी मामलों के केन्द्रीय राज्यमंत्री बनाया गया है, जो पूरे प्रदेश एवं इस क्षेत्र के लिए गौरव की बात है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा की हमारी सरकार विकास की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। प्रदेश के किसानों को हम 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान की कीमत दे रहे है। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत 70 लाख से अधिक महिलाओं को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिलासपुर-मुंगेली रोड से ग्राम फरहदा मार्ग जिसकी कुल लंबाई साढ़े पांच किलोमीटर है, बजट में इसे स्वीकृत किया गया है, जल्द ही इसका कार्य प्रारंभ किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि हमारी सरकार विकास के लिए समर्पित है। प्रदेश सरकार पानी, बिजली, आवास सहित विकास के सभी आयामों पर बेहतर तरीके से कार्य कर रही है। कार्यक्रम में वाणिज्य, उद्योग, श्रम एवं जिले के प्रभारी मंत्री लखनलाल देवागंन ने धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, विधायक रायपुर मोतीलाल साहू, पूर्व सांसद लखनलाल साहू, पूर्व विधायक विक्रम मोहले, कृष्णमूर्ति बांधी, जिला पंचायत सदस्य मती शीलू साहू, मती अम्बालिका साहू, मती दुर्गा उमाशंकर साहू अन्य जनप्रतिनिधिगण, प्रदेश, जिला एवं तहसील साहू समाज के पदाधिकारीगण, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में सामाजिक बन्धु मौजूद रहे।

लोकार्पण और शिलान्यास- मुख्यमंत्री साय ने जिन कार्यों का लोकार्पण किया उनमें ग्राम पा. खम्हरिया में 1.89 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित 33/11 व्ही सब स्टेशन, ग्राम कंतेली में 1.87 करोड़ रूपए की राशि से निर्मित 33/11 के. व्ही सब स्टेशन और आगर व्यपवर्तन योजना के तहत 19 करोड़ 12 लाख 57 हजार रूपए की लागत से निर्मित 15 माईनर नहर में सी.सी. लाईनिंग व स्ट्रक्चरों के जीर्णोद्वार के कार्य शामिल हैं। इसी तरह 01.37 करोड़ रूपए की लागत से नवागढ़ चौक से खैरवार बायपास रोड में 06 किलोमीटर तक एल.ई.डी. स्ट्रीट लाईट लगाने का कार्य, 34.35 लाख रूपए की लागत से देवरी से खेढ़ा कालोनी में एल.ई.डी. स्ट्रीट लाईट लगाने का कार्य, शासकीय हाईस्कूल फुलवारी एफ., जोता, भटगांव तथा हायर सेकेण्डरी स्कूल खुडिय़ा, बैगाकापा, सुकली, देवरहट, मनोहरपुर, नगर पालिका मुंगेली, पदमपुर, जरहागांव, सिलतरा, लौदा और बैतलपुर में प्रत्येक में 07 लाख 63 हजार रूपए की राशि से कक्ष निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया।

छत्तीसगढ़ में होगी जियो-रेफ्रेंसिंग से ई-गिरदावरी

- राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने ली विभागीय समीक्षा बैठक

रायपुर | आरएनएस

छत्तीसगढ़ में राजस्व प्रशासन को चुस्त-दुरूस्त करने का काम शुरू कर दिया गया है। राज्य में अब डिजिटल क्रॉप सर्वे के लिए तैयारियां की जा रही हैं, इस सर्वे को अंजाम देने के लिए राजस्व विभाग द्वारा भूमि का जियो-रेफ्रेंसिंग का कार्य तेजी से चल रहा है। एक ओर जियो-रेफ्रेंसिंग से भूमि विवादों में कमी आएगी। वहीं दूसरी ओर फसलों की ई-गिरदावरी का कार्य आसान हो जाएगा।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य में सुशासन के लिए पारदर्शी और बेहतर प्रशासन के लिए शासकीय काम-काज में अधिक से अधिक आईटी का उपयोग करने के निर्देश सभी विभागों को दिए हैं। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में राजस्व अधिकारियों को भूमि के जियो-रेफ्रेंसिंग का कार्य तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं।

भ्रष्टाचार की शिकायत पर होगी कार्यवाही- राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने बैठक में कहा कि ग्रामीणों और किसानों को नामांतरण, बटवारा, सीमांकन और व्यपवर्तन कार्य में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी जनता की दिक्कतों को पूरी संवदेनशीलता के साथ दूर करने के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार की शिकायत पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी को अपनी कार्यशैली में बदलाव लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक सत्र को ध्यान रखते हुए सभी राजस्व अधिकारी सुनिश्चित करें कि बच्चों को आय और जाति प्रमाण पत्र के लिए भटकना न पड़ें।

भू-अभिलेख में त्रुटि सुधार के लिए अभियान चलेगा- राजस्व मंत्री वर्मा ने कहा कि अविवादित नामांतरण प्रकरणों के निराकरण में यह देखा गया है कि ऐसे प्रकरणों को बिना किसी कारण के अनावश्यक खारिज किया जा रहा है। ऐसे प्रकरणों पर नियमानुसार कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि किसानों के भू-अभिलेख में त्रुटि सुधार के लिए अभियान चलाया जाए, इसके लिए पंचायत स्तर पर आवेदन लेकर उसका निराकरण किया जाए। उन्होंने युवाओं को रचनात्मक गतिविधियों से जोडऩे के लिए राज्य के सभी जिलों में जिला स्तरीय खेल आयोजन के लिए मैदान का चिन्हांकन करने के निर्देश दिए।

राजस्व प्राप्ति बढ़ाने पर जोर- राजस्व मंत्री वर्मा ने कहा कि राज्य सरकार को विभिन्न स्त्रोतों से हो रही राजस्व प्राप्तियों में वृद्धि के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएं। राजस्व प्राप्तियां बढ़ाने के लिए पारदर्शिता और ईमानदारी से कार्य हो। डायवर्सन भूमि का लंबित शुल्क वसूली की जाए। अधिक राजस्व प्राप्तियों से ही विकास और जनकल्याणमूलक कार्यों को गति मिलेगी।

राजस्व मामलें के निराकरण के लिए ठोस रणनीति

समीक्षा बैठक में राजस्व विभाग के सचिव अविनाश चंपावत ने कहा कि राज्य में राजस्व संबंधी प्रकरणों के तेजी से निराकरण के लिए ठोस रणनीति बनाई जा रही है।

मंडी जांच टीम ने मूंगफली के अवैध व्यापार पर की कार्यवाही

सारंगढ़ बिलाईगढ़

कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के निर्देश पर सारंगढ़ मंडी निरीक्षक रामप्रसाद सिदार, उपनिरीक्षक दिलीप बर्मन, प्रीति तिर्की और अंजू दिनकर की जांच टीम ने महासमुंद जिले के सागरपाली के व्यापारी जयसिंह द्वारा किए जा रहे 22 क्विंटल मूंगफली का अवैध परिवहन को पकड़ा, जिसे मंडी अधिनियम के तहत अवैध व्यापार पर कार्यवाही की। विगत दिनों के जांच में सागरपाली के ही अन्य व्यापारियों से 12 क्विंटल और 14 क्विंटल का मूंगफली प्राप्त हुआ है।

नक्शा बटांकन के कार्य में लापरवाही, पटवारी गोविन्द सिदार निलंबित

रायगढ़

तहसील खरसिया के नक्शा बटांकन तथा अभिलेख शुद्धता कार्य में लापरवाही बरतने के कारण पटवारी गोविन्द सिदार को एसडीएम खरसिया द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन काल में निलंबित कर्मचारी का मुख्यालय कार्यालय तहसीलदार खरसिया निर्धारित किया गया है। कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) खरसिया से प्राप्त जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग रायपुर तथा कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा रायगढ़ के निर्देशानुसार ऑनलाईन भुईंया सॉफ्टवेयर में राजस्व अभिलेखों की शुद्धता एवं नक्शा बटांकन का कार्य मिशन मोड पर किया जा रहा है। गोविन्द सिदार पटवारी हल्का नंबर 35-बसनाझर तहसील खरसिया का नक्शा बटांकन तथा अभिलेख शुद्धता की प्रगति पटवारी की आयोजित साप्ताहिक बैठक में शून्य रही। जिस कारण संबंधित पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर जवाब प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया, परंतु गोविन्द सिदार पटवारी तहसील खरसिया द्वारा निर्धारित समयावधि व्यतीत होने के पश्चात भी कारण बताओ नोटिस का जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। गोविन्द सिदार पटवारी ह.नं.35-बसनाझर तहसील खरसिया का उपरोक्त कृत्य स्वेच्छाचारिता का स्पष्ट द्योतक है जो सिविल सेवा (आचरण)नियम 1965 के नियम 3 (क)के प्रावधानों के विपरीत होने के कदाचरण की श्रेणी में आता है।

साइबर जागरूकता

प्रशिक्षण के लिए स्कूल आए शिक्षकों को दी गई साइबर अपराधों की जानकारी

- सरस्वती शिशु मंदिर में साइबर सेल की टीम ने शिक्षकों को बताया साइइर फ्राड से बचाव के उपाए और सावधानियां

रायगढ़

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं साइबर सेल डीएसपी अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर साइबर सेल की टीम द्वारा "साइबर चेतना" जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को विविध साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज साइबर सेल की टीम द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर लक्ष्मीपुर रायगढ़ में ट्रेनिंग टीचर्स को विविध साइबर अपराधों की जानकारी दी गई। साइबर सेल के प्रधान आरक्षक राजेश पटेल ने साइबर ठगों द्वारा वर्तमान में अपनाये जा रहे ठगी के पैतरों के बारे में बताया गया जिसमें- सोशल मीडिया से संबंधित फ्रॉड को लेकर प्रोफाइल को सेटिंग पर जाकर सुरक्षित रखना, अंजान टेलीग्राम/व्हाटसअप ग्रुप में जोड़कर बिजनेश,ट्रेडिंग की जानकारी और अधिक लाभ का लालच देकर ठगी को अंजाम देने वालों से बचने किसी भी अंजान ग्रुप में नहीं जुड़ने बताया गया। यूपीआई से संबंधित अपराध, ऑनलाइन लोन के नाम पर ठगी, वर्क फॉर होम ठगी, लक्की ड्रा, ट्रेडिंग के नाम पर हो रही ठगी के विषय में विस्तार से जानकारी दिया और उनसे बचाव के उपाय बताए।

महिला प्रधान आरक्षक रेनू मंडावी सिंह ने अभिव्यक्ति ऐप की उपयोगिता के बारे में बताकर शिक्षकों को मोबाइल पर अभिव्यक्ति ऐप अपलोड करने प्रेरित किया और पुलिस सहायता के लिए डायल 112 की जानकारी दी गई। प्रधान आरक्षक बृजलाल गुर्जर द्वारा सोशल मीडिया के इस्तेमाल में सावधानी बरतने की जानकारी देते हुए चाइल्ड पोर्नोग्राफी के विषय में बताया गया और सोशल मीडिया पर अनजान लोगों से मित्रता करने से बचने बताया गया तथा किसी भी फ्रॉड के फ्रॉड होने पर 1930 पर कॉल कर मदद लेने अथवा नजदीकी थाना/साइबर सेल में शीघ्र जानकारी देकर बताया गया। जागरूकता कार्यक्रम में साइबर सेल के आरक्षक महेश पंडा व स्टाफ भी उपस्थित थे।

छेड़खानी और नाबालिक को भगा ले जाने के मामले के आरोपी गिरफ्तार

- महिला संबंधी दो मामलों में तमनार पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा गया रिमांड पर

रायगढ़

तमनार पुलिस द्वारा महिला संबंधी अपराधों में त्वरित कार्यवाही करते हुए महिला से छेड़खानी और नाबालिक को भगा ले जाने के आरोपियों को आज गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। नाबालिक को बिना बताये मेला घूमाने ले जाना युवक को पड़ा भारी, पॉक्सो एक्ट में गया जेल।

दिनांक 13/06/2024 को बालिका के पिता द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी लड़की 12 जून की रात बिना बताये कहीं चली गई थी और दूसरे दिन सुबह वापस आई। लड़की बताई कि गांव का धनुर्जय सिदार उसे मोटरसाइकिल पर मेला दिखाने ले गया था और सुबह घर के पास रोड में छोड़कर चला गया। लड़की के परिजनों द्वारा धर्नुजय सिद्धार (19 साल) पर आवेदन पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया। तमनार पुलिस द्वारा आरोपित पर अपराध क्रमांक 160/2024 धारा 363, 366 आईपीसी 8 पोक्सो एक्ट के तहत अपराध कायम कर बालिका का मेडिकल कराया गया तथा आरोपी युवक को गिरफ्तार कर अपर सत्र न्यायाधीश घरघोड़ा के न्यायालय न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया। जहां आरोपी का जेल वारंट जारी होने पर तमनार पुलिस द्वारा आरोपी को जेल दाखिल किया गया है।

महिला से छेड़खानी- 01 जून 2024 को थाना तमनार में महिला द्वारा अंकेश प्रधान पिता परमेश्वर प्रधान उम्र 24 साल निवासी बिजना थाना तमनार के विरुद्ध 31 मई की रात्रि पति की गैर मौजूदगी में घर अंदर घुसकर छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज कराया गया। महिला के लिखित आवेदन पर आरोपी अंकेश प्रधान के विरुद्ध अपराध क्रमांक 147/2024 धारा 457, 354 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अपराध कायमी के बाद ही से आरोपी फरार था जिसे आज मुखबीर सूचना पर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं उप पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक खेमराज पटेल, प्रधान आरक्षक देव प्रसाद राठिया, उषा रानी तिर्की और हमराह स्टाफ की विशेष भूमिका रही है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

छत्तीसगढ़ को एक और वंदे भारत की सौगात, दुर्ग-विशाखापट्टनम के बीच दौड़ेगी ट्रेन

रायपुर | आरएनएस

दुर्ग से विशाखापट्टनम तक वंदे-भारत एक्सप्रेस इसी महीने से दौडऩे लगेगी। इसकी तैयारी में रेलवे मंडल जुटा हुआ है और रेलवे बोर्ड से हरी झंडी मिलने का इंतजार किया जा रहा है। दरअसल छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने लोकसभा चुनाव के ठीक पहले रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर दुर्ग से विशाखापट्टनम के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने की मांग की थी। इस बीच आचार संहिता लगने से इसकी अधिकृत घोषणा नहीं हो पाई। अब आचार संहिता हटने के बाद वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने की तैयारी जोर-शोर से की जा रही है।

सीएम साय ने रेलमंत्री को लिखे गए पत्र में कहा था कि दुर्ग, भिलाई, चरोदा, कुम्हारी और राजधानी रायपुर में बड़ी संख्या में आंध्र प्रदेश के मूल निवासी रहते हैं। अधिकांश लोग आंध्र प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में रहते हैं। वह अक्सर अपने पैतृक निवास और सामाजिक कार्यों में शामिल होने के लिए विशाखापट्टनम और उसके आसपास के क्षेत्रों में आते-जाते रहते हैं, लेकिन कम समय में सीधी रेल सुविधा का अभाव है।

साथ ही विशाखापट्टनम उच्च शिक्षा, पर्यटन और व्यावसायिक केंद्र है। यहां के स्कूलों, इंजीनियरिंग कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में दुर्ग-भिलाई और रायपुर समेत छत्तीसगढ़ के अनेक बच्चे पढ़ते हैं। यहां बंदरगाह होने के कारण कोयला, जिप्सम, कोक, अनाज और अन्य वस्तुओं का आयात-निर्यात होता है।इसकी वजह से लोगों को विशाखापट्टनम बार-बार आना-जाना पड़ता है। वंदे भारत एक्सप्रेस चलने से सभी लोगों को आने-जाने में सुविधा मिलेगी।

सुबह दुर्ग और दोपहर में विशाखापट्टनम से दौड़ेगी- रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि दुर्ग से वंदे भारत ट्रेन सुबह छह बजे चलेगी और फिर दोपहर ढाई बजे विशाखापट्टनम पहुंच जाएगी। इसके बाद वापसी के समय सवा तीन बजे विशाखापट्टनम से चलेगी और फिर देर रात 11.50 पर यह ट्रेन वापस दुर्ग पहुंच जाएगी। वर्तमान में बिलासपुर से नागपुर के लिए वंदे भारत नियमित चल रही है।

दुर्ग से दूसरी सीधी ट्रेन, रायपुर से गुजरेगी- विशाखापट्टनम के लिए वंदे-भारत एक्सप्रेस के शुरू होने से दुर्ग से विशाखापट्टनम जाने के लिए दूसरी सीधी ट्रेन मिलेगी।इन दिनों दुर्ग-विशाखापट्टनम् वाल्टेयर एक्सप्रेस चल रही है। यह ट्रेन 48 स्टेशनों में रुकती है। इसमें करीब 16 घंटे का सफर होता है। इस तरह वंदे-भारत एक्सप्रेस में लगभग आधे समय में यानी 8.30 घंटे में विशाखापट्टनम पहुंच सकेंगे और उसी दिन काम पूरा करके वापस लौट भी लौट सकेंगे। इसकी औसत गति 66.47 किलोमीटर प्रति घंटे रहेगी।

8.30 घंटे का सफर- दुर्ग से वंदे भारत एक्सप्रेस सुबह छह बजे निकलेगी और दोपहर 2.30 बजे विशाखापट्टनम पहुंचेगी।दोपहर 3.15 को विशाखापट्टनम से छूटेगी साढ़े आठ घंटे में 565 किलोमीटर की दूरी तय कर रात 11.50 को दुर्ग स्टेशन पहुंचेगी। यह ट्रेन दुर्ग से रायपुर, लखोली, महासमुंद, खरियार-रोड, कांटा-भांजी, टिटलागढ़, सिंगापुर-रोड, रायगढ़ा, पार्वतीपुरम् और विजयानगरम होते हुए विशाखापट्टनम पहुंचेगी। दोनों स्टेशनों के बीच ट्रेन को महज साढ़े आठ घंटे का ही समय लगेगा।